# उत्तर प्रदेश युक्तधारा पोर्टल के साथ एकीकृत

## चर्चा में क्यों?

1 अप्रैल 2026 से उत्तर प्रदेश **GIS-आधारित भू-स्थानिक योजना प्रणाली** **युक्तधारा पोर्टल** के साथ एकीकृत हो जाएगा, ताकि **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना (MNREGS)** के अंतर्गत किये जाने वाले कार्यों की वास्तविक समय में निगरानी और योजना बनाई जा सके।

## मुख्य बिंदु

- **युक्तधारा पोर्टल के बारे में:**
  - **भू-स्थानिक नियोजन तंत्र:** पूरे भारत में **मनरेगा** गतिविधियों की ग्राम पंचायत स्तर पर नियोजन की सुविधा प्रदान करता है।
  - **GIS एकीकरण:** समग्र ग्रामीण नियोजन को **सुगम बनाने** करने के लिये ओपन-सोर्स **भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS)** उपकरणों का उपयोग करता है।
  - **व्यापक अभिलेख:** प्रत्येक कार्य की **कार्य योजना**, **स्थान**, **लागत** और **प्रगति** को दर्ज किया जाता है और उसका मानचित्रण किया जाता है।
  - **पारदर्शिता और जवाबदेही:** यह भुगतान प्रक्रियाओं में विसंगतियों को रोकने और अनियमितताओं को न्यूनतम करने के लिये विकसित किया गया है।
- **ग्रामीणों को लाभ**
  - **समय पर रोज़गार और विकास कार्यों** के रूप में प्रत्यक्ष लाभ।
  - सभी ग्राम-स्तरीय कार्यों पर पारदर्शी एवं सुलभ जानकारी।
  - बढ़ी हुई पारदर्शिता के कारण भ्रष्टाचार या अनियमितताओं की संभावना न्यूनतम।
- **क्षमता निर्माण पहल:**
  - राज्य सरकार ने **ज़िला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर** पर **बैचवार प्रशिक्षण सत्र शुरू किये हैं।**
  - प्रशिक्षण से यह सुनिश्चित होता है कि अधिकारी और स्थानीय योजनाकार पोर्टल का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में सक्षम हों।

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना

- **मनरेगा के बारे में:**
  - यह एक **केंद्र प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा योजना** है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार की गारंटी प्रदान करना है।
  - इसे वर्ष 2005 में अधिनियमित किया गया तथा **ग्रामीण विकास मंत्रालय** को नोडल मंत्रालय नियुक्त किया गया।
- **विस्तार:**
  - यह योजना **पूरे देश में लागू है,** केवल 100% शहरी आबादी वाले ज़िले को छोड़कर।
- **वित्तीय साझेदारी:**
  - केंद्र सरकार **अकुशल श्रम लागत का 100%** तथा सामग्री लागत का 75% वहन करती है, जबकि राज्य सरकारें सामग्री लागत का 25% योगदान करती हैं।
  - इस प्रकार, इसके क्रियान्वयन में **सहकारी संघवाद** की भावना सुनिश्चित होती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-to-integrate-with-yuktdhara-portal